दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

## केबीसी के फास्टेस फिंगर राउंड में पहुंची छत्तीसगढ़ की नीलिमा

भिलाई। महानायक अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति के पिछ्ले दो सीजन में भिलाई के जीनियस अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। इस साल भी हमने यह सिलसिला कायम रखा है। इस्पात नगर,




रिसाली निवासी नीलिमा विजय अय्यर अपनी नॉलेज के बूते केबीसी के फास्टेस फिंगर राउंड तक पहुंची। सोमवार को सोनी टीवी पर उन्हें लाइव दिखाया गया।

हालांकि उन्हें हॉट सीट पर बैठने का मौका नहीं मिला पर 3 दिनों तक केबीसी की शूटिंग और अमिताभ बच्चन के साथ स्टेज शेयर करने में कामयाब रहीं। नीलिमा ने बताया कि 9 जून को सेलेक्शन के लिए उनसे 3 प्रश्न पूछे गए। इसके बाद 16 जून को उन्हें फोन पर सेलेक्शन होने की जानकारी देते हुए केबीसी की टीम ने ऑर्डिशन के लिए भोपाल बुलाया।

### ऑर्डिशन में पूछे गए 20 प्रश्न

14 जुलाई को भोपाल पहुंचने के बाद यहां नीलिमा से सामान्य ज्ञान के 20 प्रश्न पूछे गए। जिनमें से उन्होंने 18 का सही जवाब दिया। इसके बाद वीडियो ऑर्डिशन में शामिल हुई। आखिरकार 25 अगस्त को केबीसी की टीम ने नीलिमा को दोबारा फोन किया, उसने उनकी खुशी चार गुनी कर दी। फोन पर कहा गया कि उनका चयन फास्टेस फिंगर राउंड के लिए हुआ है। शूटिंग 7 से 10 सितंबर तक होगी। नीलिमा ने कहा कि भले ही वह हॉट सीट पर नहीं बैठी, लेकिन इस बात की खुशी जरूर है कि उनका चयन तीन करोड़ एंट्रीज के बीच किया गया।

### अब तक तीन पहुंचे केबीसी में

पिछ्ले साल दुर्ग के उमेश साहू केबीसी की हॉट सीट पर बैठे थे। उन्होंने अमिताभ के सवालों का जवाब देकर 12 लाख रुपए जीते थे।

इसी तरह नगपुरा से लगे पोटिया गांव के युगल किशोर साहू ने भी मुंबई में हुए केबीसी के ऑडिशन में जगह बनाई थी। युगल को भी फास्टेस फिंगर का मौका मिला था। यही नहीं बालोद जिले से भी एक शासकीय अधिकारी हॉट सीट पर बैठ चुकी हैं।

## महिला आईटीआई में सुरक्षा गार्ड हेतु 6 अक्टूबर तक आवेदन आमत्रित

रायगढ़। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था हेतु छात्रावास संस्था परिसर में सुरक्षाकर्मी/गार्ड की आवश्यकता है। जिसके लिए 6 अक्टूबर 2018 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सुरक्षा गार्ड की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती नियम में विहित प्रावधान के अनुरूप हो सुरक्षा एजेंसी को पुलिस हेडक्वाटर मुख्यालय से पंजीकृत होना अनिवार्य है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के प्राचार्य अथवा दूरभाष नंबर 07762-226115 में संपर्क कर सकते है।

## विधानसभा रायगढ़ के लिए नियुक्त उड़नदस्ता दल में आंशिक संशोधन

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 हेतु जिले में विधानसभा क्षेत्र-16 रायगढ़ के लिए गठित उड़न दस्ता दल में आंशिक संशोधन किया गया है। इनमें विधानसभा 16-रायगढ़ के लिए प्र.तहसीलदार शशांक शेखर गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार पुसौर बंदेराम भगत एवं नायब तहसीलदार सारंगढ़ सतीश रामटेके, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं एक-एक विडियो शामिल है।

## आईटीआई के विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन का वितरण 29 को

रायगढ़। शासकीय आईटीआई रायगढ़ एवं शासकीय महिला आईटीआई रायगढ़ में सत्र 2016-17 एवं सत्र 2017-18 में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी जिन्होंने संचार क्रांति योजना में आवेदन किया है उन्हें 29 सितम्बर 2018 को आईटीआई रायगढ़ में चिप्स द्वारा स्मार्ट फोन का वितरण किया जाएगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्मार्ट फोन वितरण पूर्व वितरण पर्ची प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षणार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर आधार कार्ड की मूल प्रति दो फोटोकापी तथा दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ संस्था में स्वयं उपस्थित हो सकते है।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन की बैठक 29 को

रायगढ़। राष्ट्रीय बागवानी मिशन की बैठक 29 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय रायगढ़ के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में 2018-19 में प्राप्त भौतिक लक्ष्यों का विकासखण्डवार विभाजन एवं लक्ष्य के विरूद्ध क्रियान्वयन का अनुमोदन, वर्ष 2017-18 के भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध क्रियान्वयन का अनुमोदन, घटक परिवर्तन और अन्य विषयों पर चर्चा एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव किए जायेंगे। सहायक संचालक उद्यान रायगढ़ ने सर्वसंबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## मतदान केन्द्रों में रैंप की व्यवस्था करने के निर्देश



रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने सभी एसडीएम से स्काई मोबाइल वितरण के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को सायकल का वितरण भी किया जाना है। वहीं जिले के किसानों का 31 अक्टूबर तक पंजीयन भी कराना है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में रैम्प नहीं है वहां रैम्प की व्यवस्था करवाएं। उन्होंने जिन स्थानों पर पेन्टिंग हुई थी उनका चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। सेक्टर आफिसर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर कमियों को दूर कर लें। उन्होंने जनसंवाद में लंबित मामलों की भी जानकारी ली और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने 6 अक्टूबर से आरंभ होकर 19 दिसम्बर तक चलने वाले एमआर टीकाकरण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि 01 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए पेयजल, साज-सज्जा, आवास एवं अन्य व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सूखा राहत राशि के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने स्वीप की गतिविधियों की जानकारी दी।

इस मौके पर अपर कलेक्टर हरीश एस, सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर संजय दीवान एवं सुखनाथ अहिरवार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 28 गांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

### प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम लिखी चिट्ठी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रायगढ़। रायगढ़ जिले के सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोमर्डा अभ्यारण क्षेत्र के 28 गांव में पिछ्ले 18 साल से किसानों की जमीन खरीदी बिक्री के पंजीयन पर सरकार द्वारा लगाई रोक से परेशान किसान अब आर पार की लड़ाई लड़ने कमर कस लिये हैं जिसके संबंध में किसानों ने एसडीएम सारंगढ़ को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राज्यपाल एवं मुख्य निवार्चन आयुक्त के नाम का ज्ञापन पत्र देकर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।



गोमर्डा अभ्यारण क्षेत्र के 28 गांव के किसान निजी जमीन के पंजीयन पर 18 साल से रोक लगाकर रखी है जिसकी वजह से किसान भारी नाराज हैं मध्यप्रदेश सरकार से अलग होने के 18 साल बाद भी छत्तीसगढ़ की सरकार ने किसानों की निजी राजस्व जमीन के खरीद बिक्री के पंजीयन पर लगी रोक को हटाने कोई पहल नही किया। किसानों ने लोक सुराज अभियान, जन समस्या निवारण शिविर में निराकरण की मांग रखी लेकिन इस पर सरकार निरंकुश है गोमर्डा अभ्यारण कोर क्षेत्र में आने की वजह से किसानों को बहुत सारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसानों ने आरोप लगाया है कि सरकार द्वारा जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित कर प्रताड़ित किया जा रहा है विकास के मुख्यधारा से 28 गांव पिछड़ रहा है सरकार एक तरफ किसानों का मालिकाना हक को छीन रही है वहीं दूसरी ओर गोमर्डा अभ्यारण के गरीब वर्ग के लोगों को शासकीय योजना से वंचित कर वनोपज आधारित जीविकोपार्जन के साधन पर भी रोक लगा रखी है जिसकी वजह से स्थानीय रहवासियों को वन विभाग के योजना का लाभ नही मिल रहा है इन सभी समस्या से परेशान गोमर्डा अभ्यारण के कोर क्षेत्र में आने वाले ग्राम गंधराचुवां रामटेक सराईपाली दमदरहा घठोरा अचानकपाली कनकबीरा नरेशनगर टमटोरा बोहराबहाल करगीपाली शिवपुरी पठारीपाली पीपरदा दबगांव, जवाहरनगर लूरका बगबन्ध नावापाली देवसर छिचपानी नारगिखोल मांजरमाटी खम्हारपाली भालुपानी कोर्रापानी डोंगीपाली सैकड़ों किसानों ने एसडीएम को प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देकर विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

### क्या कहते हैं एसडीएम

**इस संबंध में सारंगढ़ एसडीएम का कहना था कि गोमर्डा अभ्यारण के 28 गांव के किसानों ने जमीन खरीदी बि ी के पंजीयन नही होने के संबंध प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया है अग्रीम कार्यवाई के लिए भेजी जावेगी।**

## लारा प्रभावितों के आंदोलन का हुआ विस्तार

रायगढ़। कहते हैं एक चिंगारी पूरी दुनिया को जला कर राख कर देती है और सच की एक रोशनी पूरे जहां को रोशन देती है। 6 महीने से चल रहा एनटीपीसी लारा भू-विस्थापितों का आंदोलन अपने अधिकार के लिए जारी है। किसानों का मुआवजा, पुनर्वास लाभ जैसे मांगों को लेकर लड़ रहे विस्थापितों की लड़ाई केवल लारा तक सीमित नहीं है। विद्रोह की आग अब रेलवे लाइन प्रभावितों में भी देखा जा सकता है। शुरुआत लारा प्रभावितों ने की थी लेकिन अब अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेवारी रेलवे लाइन और पाइपलाइन के प्रभावितों ने ले ली है। इसी क्रम में आज एकताल एनटीपीसी रेलवे लाइन प्रभावित लारा प्रभावितों को समर्थन देने के लिए धरना स्थल पर



पहुंचे। उनका कहना है कि अधिकार की लड़ाई में केवल एनटीपीसी संयंत्र विस्थापित अकेले नहीं हैं, उनके साथ पूरे रेलवे लाइन प्रभावित हैं और जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक सब मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। विदित हो कि लगभग 20 किलोमीटर की एनटीपीसी रेलवे लाइन कॉरिडोर के प्रभावित मुआवजा, तेंदूपत्ता बोनस की मांग को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपनी मांग के साथ साथ लारा विस्थापितों का जबरदस्त समर्थन किया। समर्थन करने के क्रम में आज एकताल की महिलाओं ने बड़ी संख्या में धरना स्थल पर धरना दिया। लारा एनटीपीसी विस्थापितों का शुरू हुआ आंदोलन अब धीरे-धीरे रेलवे लाइन के साथ-साथ पाइपलाइन प्रभावितों को भी आकर्षित कर रहा है। कुछ ही दिनों में एकताल के साथ-साथ अन्य गांव के प्रभावित धरना स्थल पर पहुंचेंगे और एनटीपीसी प्रबंधन के मनमानी का जबरदस्त विरोध करेंगे। रेलवे लाइन प्रभावितों का यह समर्थन भू-विस्थापितों के घाव पर मरहम लगाने जैसा है, साथ ही साथ इस समर्थन से भू-विस्थापितों को जोश एवं उत्साह मिला इससे वे अपने आंदोलन को पुरजोर तरीके से चलाएंगे। धरना स्थल पर बैठक भी हुआ जिसके अनुसार पाइपलाइन प्रभावित भी कुछ दिनों में विस्थापितों को समर्थन देने के लिए धरना स्थल पर पहुंच सकते हैं और साथ-साथ रेलवे लाइन के कई गांव वाले भी एनटीपीसी का विरोध करने का निर्णय ले रहे हैं। लारा प्रभावितों का शुरू किया हुआ यह कारवां आज बहुत बड़ा आंदोलन बनने जा रहा है, कारण है एनटीपीसी प्रबंधन की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी। जिसने एनटीपीसी लारा प्रभावितों पर अत्याचार करने के लिए खुली छूट दे रखी है। भू-विस्थापितों की मांग को ध्यान न देकर आज प्रशासन तथा प्रबंधन केवल आंदोलन को कुचलने में लगा है। परंतु क्षेत्र के ग्रामवासियों का साथ अब आंदोलन को वृहद बना रहा है और आगामी दिनों में आंदोलन नए रूप में दिखाई दे सकता है।

## खरसिया में गहराया पेयजल संकट

खरसिया/रायगढ़। खरसिया में गहराया जल संकट नगरीय प्रशासन मंत्री के गृह नगर में पिछ्ले 7 दिनों से लोगों के कंठ सूखे, नगरपालिका अध्यक्ष



कमलगर्ग एवँ मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती नीतू अग्रवाल लोगों को झूठी विकास की गाथा पुस्तक बाँट अपनी स्वयं की पीठ थपथपा रहे है। विकास अग्रवाल गुड्डू के नाम से जल प्रदाय का है ठेका ठेकेदार के साथ नगरपालिका के उपाध्यक्ष, पीआईसी सदस्यों एवं एल्डरमेन लोगों का शेयरिंग सिस्टम चालू है कांग्रेसी दादू बघेल,भरत राठौर के साथ मिलकर पिछ्ले 5 वर्षों से जनता को लूटने एवं परेशान करने का क्रम चालू है।

ऐसे में कभी भी भड़क सकता है जनता का आक्रोश।

## नागपुर अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होंगे रामदास

रायगढ़। देश के विभिन्न हिस्सों सहित महाराष्ट्र के नागपुर में इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 10 अक्टूबर को बहुत ही भव्य तरीके से मनाने की तैयारी चल रही है।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन नई दिल्ली के राष्ट्रीय मंत्री एवं छत्तीसगढ़ अग्रवाल सम्मेलन (संगठन) के प्रांतीय अध्यक्ष रामदास अग्रवाल (रायगढ़) इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए हैं। इस समारोह में महाराष्ट्र के हजारों अग्रजन हिस्सा ले रहे हैं। इस समारोह में समाज के प्रेरणा स्त्रोत अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन नई दिल्ली के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल सामाजिक कार्यों के उद्घाटनकर्ता होंगे।

रामदास अग्रवाल ने आज यहां कहा, यह मेरे लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। इतनी बड़ी सभा में मुझे अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा सात ही यह मेरा सौभाग्य ही है कि यहां महाराष्ट्र के अग्र बंधुओं



और बहनों से प्रत्यक्ष रूप से मिल पाउंगा। मैं उन अग्र बंधुओं का अत्यंत आभारी हूं जिन्होंने मुझे ऐसे शुभ अवसर में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

सुनील रामदास, अनिल रामदास और सुशील रामदास भी होंगे मुख्य अतिथि रामदास अग्रवाल के तीनों सुपुत्र सुनील रामदास, अनिल रामदास और सुशील रामदास को छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के अग्रसेन जयंती समारोहों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। अग्रसेन जयंती समारोह नैला-जांजगीर में सुनील रामदास, अग्रसेन जयंती समारोह बिल्हा में अनिल रामदास और अग्रसेन जयंती समारोह सरसींवा में सुशील रामदास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस तरह एक ही परिवार के सदस्यों को अग्रसेन जयंती में शामिल होने का सुखद अवसर प्राप्त हुआ है। रामदास परिवार इसे अपने लिए एक गौरवशाली क्षण महसूस कर रहा है।

रामदास परिवार ने सभी अग्रबंधुओं के स्नेह और सम्मान के प्रति आभार प्रकट किया है।





तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931